## मुख्य समाचार

### मन्दिर के जीणोद्धार के लिए मिटिंग का हुआ आयोजन



तेजयुग न्यूज़

**बृजघाट।** शनिवार को पंजाबी सभा दुर्गा मन्दिर प्रांगण में एक आम सभा का आयोजन किया बैठक में पंजाबी सभा का उद्देश्य व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करना तथा वर्तमान की आवश्यकता अनुसार मन्दिर की समिति का विस्तार करना तथा सीमीती के सदस्यों में जागरूकता का संचार करना है बैठक में सभापति सुरेश मल्होत्रा ने किया जिसमें मन्दिर के जीणोद्धार पर चर्चा की गयी तथा मन्दिर के रखरखाव सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने तथा आने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गयी मौके पर नरेंद्र चौधरी, कौशल पाण्डियान,सुरेश मल्होत्रा,श्रवण मल्होत्रा,धनवंत जैन,कुलदीप शर्मा,राम सुशील तिवारी,पंडित विवेक तिवारी, रोहित मल्होत्रा, पंकज मल्होत्रा, पंकज शर्मा,पुनीत मल्होत्रा, संजय अरोड़ा, मन्नू अरोड़ा,धर्मेंद्र अरोड़ा, राहुल शुक्ला, टिंकू शर्मा,सचिन ठाकुर,राकेश बंसल,पदन कुमार शर्मा,राकेश बंसल,रवि कुकरेजा आदि भक्त उपस्थित रहे।

### मोदी की तरह तिवारी जी भी लगाएंगे हैट्रिक



तेजयुग न्यूज़


**नई दिल्ली।** तमाम गतिरोध और उलट फेर के बावजूद उतरी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी को तीसरी बार उत्तरी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। मनोज तिवारी को लाभ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मे किये गए मेहनत और फ़िल्मी करियर को छोड़ दिल्ली प्रदेश की राजनीति मे अमिट छाप छोड़ने को लेकर मिला है। जिस तरह से दिल्ली मे सांसदों की टिकट काटी गई उसमे मनोज तिवारी को अभयदान की चर्चा खूब हो रही है। मनोज तिवारी को नाराज कर बीजेपी एक मात्र भीड़ जुटाउ सेलिब्रेटी से हाथ नही धोना चाहती थी। तीसरी बार सांसद जीत भी जाएंगे चुकी इस बार भी चुनाव मोदी के नाम पर ही होने वाला है। पूरे देश मे उन गिने चुने नेताओं मे तिवारी का नाम शुमार है जहा भी बीजेपी का चुनावी माहौल विपरीत परिस्थितियो मे फसता है वहा तिवारी की मांग होती है। देश का कोई भी राज्य ऐसा नही है जहा पर चुनाव प्रचार के लिए तिवारी की मांग न होती हो।बरहाल अभी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार की घोषणा उत्तर पूर्वी संसदीय सीट के लिए नही किया है। देखना दिलचस्प होगा की इस बार कांग्रेस इस सीट से किसको मौका देती है।मनोज तिवारी की तीसरी हैट्रिक के बारे मे मजबूती से तभी कहा जा सकता है। जब कांग्रेस अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दे अभी तो उत्तर पूर्वी जिले का माहौल तिवारीमय है।

### लायंस क्लब द्वारा लायंस प्याऊ का चौथा प्याऊ आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में लगाया गया

**हापुड़।** लायंस क्लब द्वारा अपने आठवें स्थाई प्रोजेक्ट लायंस प्लाऊ का चौथा प्याऊ आर्य कन्या डिग्री कॉलेज स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़ में लायन अनिल कुमार गुप्ता (टीटू) के सौजन्य से लगाया गया। ए.के.पी डिग्री कॉलेज प्रेसिडेंट नरेंद्र आर्य, ए.के.पी डिग्री कॉलेज की प्राचार्य व अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी मे यह कार्य संपन्न हुआ प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय मित्तल ने बताया कि भविषय में भी हम हर महीने एक लायंस प्याऊ मशीन लगाने जा रहे है। कोषाध्यक्ष प्रणव आर्य द्वारा बताया गया कि हमारे क्लब द्वारा बच्चों की आँखों के छोटी उम्र मे ही चेकअप करने का प्रोजेक्ट चलाया गया है उसके तहत हर महीने हमारे द्वारा एक कैंप किसी न किसी स्कल में लगातार रूप से लगाया जा रहा है। अगर की भी विद्यालय चाहता है कि उनके स्कूल में कैंप लगाया जाए तो वह हम से संपर्क कर सकता है। जिसमें एक मशीन गाजियाबाद व दिल्ली से लाई जाती है जो छोटी उम्र के बच्चो में भविष्य में होने वाली आँखों सें संबंधित बीमारियो के बारे में पूर्व में ही जानकारी देने में सक्षम है। इस कार्यक्रम मे काफी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य मौजद रहे जिसमे विशेष तौर पर लायंस आनंद प्रकाश आर्य, लायन रविंद्र कुमार गर्ग, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन अजय कुमार मित्तल, लायन अतुल कुमार गुप्ता, लायन अनिल कुमार गुप्ता (टीटू), लायन राकेश वर्मा, लायन विजय (कृषक) गोयल, लायन राजीव कुमार सिंघल, लायन अमित कृष्ण गर्ग (सी.ए.), अध्यक्ष लायन सचिन सिंघल (एस.एम.), लायन आदित्य गोयल, कोषाध्यक्ष लायन प्रणव आर्य (सी.ए.), लायन सौरभ अग्रवाल, लायन अखिलेश गर्ग, लायन अनुज जैन, लायन ध्रुव गुप्ता आदि मौजूद रहे थे।

## अवैध निर्माण को लेकर झडौदा वॉर्ड के आप पार्षद और भवन विभाग आमने सामने

तेजयुग न्यूज़



**बुराड़ी।** विधान सभा क्षेत्र के झड़ौदा वॉर्ड में निगम पार्षद और दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइंस जोन के भवन विभाग के अधिकारी वॉर्ड में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर आमने सामने हैं। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में इस वॉर्ड में एक निर्माणाधीन इमारत के खिलाफ़ जब निगमकर्मी कार्यवाई कर रहे थे तो स्थानीय आप पार्षद विरोध करने पहुंच गए। आरोप है कि पार्षद ने निगम के इंजिनियर के साथ बदसलूकी और दुर्व्यवहार किया। कार्यवाई को तो बीच में रोक दिया गया लेकिन दोनों के बीच की जबरदस्त कहा सुनी हो गई। भवन विभाग और आप पार्षद की यही तनातनी आजकल झदौड़ा वॉर्ड में चर्चा का विषय बनी हुई है।

पार्षद की तरफ से दलील दी जा रही है कि एमसीडी के अधिकारी भाजपा के इशारे पर उनके वॉर्ड को निशाने पर लिए हुए हैं। दूसरे निगम वार्डों की तुलना में झड़ौदा वॉर्ड में ज़्यादा तोड़ फोड़ की जा रही है ताकि इनके वॉर्ड को बदनाम किया जा सके। अधिकारियों के निर्देश पर छोटे घरों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के चलते पार्षद ने निगम के एक उच्चाधिकारी के खिलाफ़ लिखित में शिकायत भी दी है।

उधर, निगम के अधिकारियों के सामने एक अलग ही मुसीबत है। वार्ड में बढ़ते अवैध निर्माण को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं, तो जनता के बीच अपनी छवि चमकाने के लिए, नेतागण विरोध पर उतर आते हैं। नहीं करते, तो काम में लापरवाही के आरोप का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्र की जनता भी पार्षद और निगम अधिकारियों के रवैए से परेशान हो चुकी है। जब अवैध निर्माण हो रहा होता है तो न पार्षदों के विरोध का स्वर सुनाई देता है और न ही निगम अधिकारियों की कार्यवाई। जब इमारत बनकर आधी तैयार हो जाती है तब कहीं जाकर निगम अधिकारियों की नींद टूटती है। पार्षद तो खैर पता नहीं, किस लालच या दबाव में आकर मुंह में दही जमाए रखते हैं। झड़ौदा वॉर्ड में जब से आप पार्षद चुनकर आए हैं तब से लेकर अब तक पता नहीं कितनी इमारतें अवैध निर्माण के सहारे खड़ी हो गई लेकिन कभी देखने को नहीं मिला कि उन्होंने एमसीडी के खिलाफ़ कभी कोई आवाज़ बुलंद की हो। एक तरफ़, पार्षद द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ़ की गई शिकायतें, दूसरी तरफ अवैध निर्माण के खिलाफ़ एमसीडी की कार्यवाई का विरोध करना, समझ से परे है। क्षेत्र में चर्चा है कि जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार काबिज़ हुई है, एमसीडी ने लेंटर टैक्स में हैवी इज़ाफा कर दिया है। नतीजन, क्षेत्र में घरों की कीमतों में देखते ही देखते तेज़ी आ गई है। आखिर तेल तो तिलों से ही निकलना है, सो लेंटर टैक्स का भार भी जनता पर ही पड़ना है। दबी जुबान में लोग चर्चा कर रहे हैं कि आज जो आम आदमी पार्टी के पार्षद और भवन विभाग के अधिकारी आमने सामने होकर झगड़ रहे हैं, दरअसल, झगड़े का मूल कारण यह लेंटर टैक्स ही है।

## आईआईए की मंडन बैठक का हुआ आयोजन

### एमएसएमई कानून लागू होने से सबसे ज्यादा फायदा एमएसएमई को होगा- शशांक शेखर गुप्ता



तेजयुग न्यूज़

**हापुड़।** आई आई ए धीरखेड़ा हापुड़ चैप्टर के चेयरमैन शांतनु सिंघल की अध्यक्षता में एक मंथन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सी0ए0 शशांक शेखर गुप्ता को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक में चर्चा का मुख्य विषय एमएसएमई इंडस्ट्रीज के लिए लागू किए गए नए कानून 43बी(एच) था। शशांक शेखर गुप्ता ने बताया कि इस कानून के लागू होने से इससे सबसे ज्यादा फायदा एमएसएमई को होगा। इस धारा के लागू होने के बाद 31 मार्च 2024 तक सभी बड़ी कंपनियों को एमएसएमई का भुगतान 45 दिन के अंदर करना होगा यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो यह रकम कंपनी के प्रॉफिट में जोड़ दी जाएगी जिस पर कंपनी को टैक्स देना पड़ेगा।

साथ ही बैठक में इस धारा के अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शशांक शेखर गुप्ता ने बैठक में उपस्थित सभी उद्यमी बन्धुओं को इस विषय से संबंधित सवालों के जवाब दिए और उनकी समस्याओं का निस्तारण भी किया। बैठक में पवन शर्मा, अशोक छारिया, राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद गोयल, सतीश बंसल, नीरज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, कपिल अरोड़ा, संजीव अग्रवाल, कमल सिंघल, सरजीत सिंह, राजीव गर्ग, संजय अग्रवाल, राहुल गर्ग, वैभव गुप्ता, राकेश गोयल, तथा अन्य उद्यमी बंधु उपस्थित रहे थे।

### रटौल मारपीट मामले में आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी : जितेन्द्र बंसल

रटौल में शनिवार को दो युवकों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमे दोनो युवक घायल हो गये थे जिसमें दोनो पक्षों ने एक दूसरें के खिलाफ थानें में तहरीर दी थी जिससे लेकर गोठरा में एक पचायत का आयोजन किया गया और अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करनें की मांग की गयी।

गोठरा निवासी निखिल पुत्र प्रवीन शनिवार को अपनी बहन को लेकर रटौल संत मेरी इन्टर कालिज में इन्टरमीडिएट का पेपर दिलाने के लिए आया था जब वह पूर्वी यमुना नहर के रास्ते आ रहा था पुल के पास रटौल के एक युवक से उसकी कहासुनी हो गयी थी जो मारपीट में बदल गयी जहा रटौल निवासी अमन पुत्र निजामुद्दीन को मारपीट कर घायल कर दिया था और गोठरा का निखिल भी घायल हो गया था जहा निखिल ने चाकू मारने का मौकें पर जमा भीड़ ने दोनो पक्षों को समझाकर हटाया था वही सूचना पाकर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का किया शिलान्यास

तेजयुग न्यूज़



**हापुड़।** नगर के ग्राम नूरपुर मढैया में देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का शिलान्यास किया गया। जानकारी के अनुसार देश में अलंकार योजना के तहत विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत देश में कई विद्यालयो को लाभ प्रदान किया। इस दौरान गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जिले में 1849 लाख रुपए से 34 माध्यमिक विद्यालयों में बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया गया है। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र हापुड़ के ग्राम नूरपुर मढैया में प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नूरपुर मढैया, हापुड़ के नवीन भवन का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर विजयपाल आढ़ती, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, डीआईओएस, भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता रकम सिंह, राजेंद्र जाखड़, पदम प्रधान, राजीव, यशपाल आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

### 1.62 उपभोक्ताओ पर ऊर्जा निगम ने कार्रवाई की तैयारी की, बकाएदारो के नाम बिजली घरों पर किए जाएंगे चस्पा


**हापुड़।** जनपद के तीनों डिवीजन में 1.62 लाख उपभोक्ताओं पर ऊर्जा निगम के अफसरों ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। बिजली घरों पर म सहित बकाएदारों की सूची चस्पा होगी। हर अवर अभियंता के नेतृत्व में पांच टीमें गठित की गई है। जिनके द्वारा कार्रवाई की हर रोज समीक्षा की जाएगी। करोड़ो रुपए की बकाए दारी को जमा कराने के लिए कवायद तेजी से शुरू हो गई है। उपभोक्ताओं द्वारा समय से बिल न चुकाए जाने से काएदारी बढती जा रही है। दस हजार से अधिक बकाया बिलो वाले उपभोक्ताओं की संख्या भी 20 हजार से पार है। पांच से दस हजार के बिलो की बकाएदारों की संख्या सबसे अधिक है। शासन ने ओटोसी योजना चलाई थी, लेकिन उपभोक्ताओं ने इसमें खास रुझान नहीं दिखाया। यही कारण है कि बकाएदारी 400 करडो के पार पहुंच गई है। अब पोर्टल से निगम के अधिकारियों ने 162132 उपभोक्ताओं का डाटा निकाला है। जिनका नाम सहित सूची बिजली घरों पर चस्पा की जाएगी। हर रोज इस सूची पर कार्य होगा, पांच टीमें संबंधित क्षेत्र में जाकर वसूली के साथ कनेक्शन काटने का भी कार्य करेगी। बकाएदार समय से अपना बिल जमा कराए। बिल जमा न कराने वाले उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे जाएंगे। हापुड़ डिवीजन के बिजली घरों पर बकाएदार उपभोक्ताओं की सूची चस्पा की जाएगी।

## लाखों श्रद्धालु ब्रजघाट से उठाएंगे कांवड़, तैयारियां जोरों पर

तेजयुग न्यूज़

**बृजघाट।** 8 मार्च की महाशिवरात्रि के लिए ब्रजघाट तीर्थनगरी मिनी हरिद्वार का रुप धारण कर लेगी। प्रशासन-पुलिस ने कांवड़ यात्रा के लिए सुरक्षा प्लान बना लिया है।

जनपद को तीन जोन 10 सैक्टर में बांट दिया गया है। जिसमें कांविड़यों की सुरक्षा के लिए आसमान से ड्रोन नजर रखेगा जबकि गंगा की धारा में नाव में पुलिस रहेगी और गंगा तट पर पुलिस बल तैनात रहेगा। हरिद्वार की तरह ब्रजघाट के शिवभक्त कांवड़ भरते हैं। जो अपने गन्तवयों को कांवड़ लेकर जाते हैं।




तीन जोन-10 सैक्टर में बांटा जिला : एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि 3 जोन 10 सैक्टर में जिला बंटा हैं। गढ़-ब्रजघाट क्षेत्र की जिम्मेदारी सीओ गढ़, इंस्पेक्टर गढ़ पर रहेगी। बाबूगढ़ के छपकौली में अतिरिक्त पुलिस बल भेजा जाएगा।

**मिनी हरिद्वार की तरह सजता है ब्रजघाट...**

2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रजघाट पहुंच कर फिर से अपनी सरकार के दावे को दोहराते हुए घोषणा कर दी। पांच साल में तीर्थनगरी में कई योजनाएं चल रही है। जिसके बाद से ब्रजघाट ने मिनी हरिद्वार का रुप ले लिया है। कांवड़ यात्रा के दौरान तीर्थनगरी सज जाती है। कांवड़िए की सुरक्षा के लिए नाव,और घाट पर पुलिस बल रहेगा। जबकि ड्रोन से आसमान से निगरानी की जाएगी।

बड़े मंदिरों पर अतिरिक्त व्यवस्था कोतवाली एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि नक्का कुआं, मंदिर, सबसी मंदिर, छपकौली, कल्याणपुर और दत्तियाना मंदिर पर जलाभिषेक के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि कांविड़यों की सुरक्षा के लिए आसमान से ड्रोन नजर रखेगा।

## गंगा नगरी में कांवड़िए आने वाले हैं, अभी नहीं भरे गए गंगा नगरी की सड़कों के गड्ढे, संबंधित अधिकारी बनें अनजान

तेजयुग न्यूज़

### कांवड़ यात्रा को लेकर पालिका की अनदेखी



**बृजघाट।** कांवड़ यात्रा को लेकर भी पालिका परिषद हरकत में आने को तैयार नहीं है, जिसके कारण जर्जर हो रहीं सडकों पर जलभराव होने से पैदल चलना बड़ी चुनौती बनी हुई है।फाल्गुन मास की महा शिवरात्रि इस बार आठ मार्च को मनाई जानी है, जिसके उपलक्ष्य में जल्द ही कांवड़ यात्रा प्रारंभ होनी है। हरिद्वार के साथ ही लाखों शिवभक्त ब्रजघाट गंगा से कांवड़ भरकर सैकड़ों म कावड़ मील की पदयात्रा करते हुए अपने निकटतम मंदिरों में पहुंचकर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करेंगे। योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रास्तों की मरम्मत के साथ ही साफ सफाई के समूचित प्रबंध करते हुए पेयजल आदि की व्यवस्था भी पूरी तरह चाक चौबंद करने के लिए कड़ी हिदायत दी हुई है। परंतु इसके बाद भी पालिका प्रशासन बहुत जल्द प्रारंभ होने जा रही फाल्गुन मास की कांवड़ यात्रा को लेकर हरकत में आने की बजाए खुली लापरवाही बरतने से बाज आने को तैयार नहीं है। हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले अधिकांश शिवभक्त भी वापसी के दौरान ब्रजघाट गंगानगरी में डुबकी लगाने के बाद यहां से होकर अपने गंतव्य स्थलों को रवानगी करते हैं।

गंगानगरी में श्मशान घाट के पास वाला मुख्य रास्ता बुरी तरह जर्जर होने के साथ ही उसमें बड़े स्तर पर जलभराव हो रहा है, जिससे लोगों को उन पर पैदल चलना भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। सभासद अरुण गौड़ का कहना है कि पालिका की अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं, जबकि जल्द ही कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने पर ब्रजघाट गंगा से जल भरकर ले जाने वालों को भी इस समस्या से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ईओ मुक्ता सिंह का कहना है कि पालिका स्तर से अतिरिक्त सफाई कर्मचारी भेजकर नालियों में साफ सफाई कराने के साथ ही कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी जरूरी प्रबंध पहली प्राथमिकता के आधार पर पूरे कराए जाएंगे।

### तीर्थ नगरी में कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लाने को हुआ रवाना



तेजयुग न्यूज़

**बृजघाट।** महाशिव रात्रि का पर्व नजदीक आने पर शिव भक्त कांवड़ियों का हरिद्वार रवाना होना शुरु हो चुके है। गंगा नगरी बृजघाट से 50 कांवडियों को महिलाओं ने गली मौहल्लों से होते हुए मंगलगीत गाकर रवाना किया तो तीर्थ नगरी शिव भक्त हो गयी समाज सेवी गौरव चौधरी की अगुवाई में आसपास के गांव से युवाओं की टोली एकत्र हुई और 50 शिवभक्तों ने एक साथ एक बस में सवार होना तय किया। शिवभक्त एकत्र होकर एक स्थान से चले तो महिलाऐे एक रंग की पोशाक साड़ी में कांवडियों के जत्थे को लेकर मंगलगीत गाते हुए गदगद होकर रवाना किया।फाल्गुन मास की महाशिव रात्रि पर्व 8 मार्च को होने पर कांवड़ियों के ऋषिकेश हरिद्वार से पवित्र जल लाने का सिलसिला तेजी से शुरु हो चुका है वही गढ ब्रजघाट की सड़के गडढायुक्त होने पर कांवड़ियों के आने तथा जाने पर गडढे चुंभन देंगे।

### लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस के अभियान में 42 वारंटी गिरफ्तार

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त वातारण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अराजक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के नेतृत्व में व समस्त क्षेत्राधिकारी गणों के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा थाना स्तर पर टीमों का गठन कर 36 घण्टे का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त थानों से कुल 42 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। जिनका विवरण निम्न है- थाना को0 नगर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तों, थाना को0 देहात पुलिस ने 02, थाना इटियाथोक पुलिस ने 04, थाना खरगूपुर पुलिस ने 02, थाना मनकापुर पुलिस ने 04, थाना धानेपुर पुलिस ने 02, थाना छपिया पुलिस ने 05, थाना मोतीगंज पुलिस ने 01, थाना तरबगंज पुलिस ने 01, थाना नवाबगंज पुलिस ने 05, थाना वजीरगंज पुलिस ने 01, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 02, थाना करनैलगंज पुलिस ने 05, थाना परसपुर पुलिस ने 03, थाना कटराबाजार पुलिस ने 01 व थाना कौड़िया पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## स्वयंसेवको ने बिन्नेर देवी मंदिर मे चलाया स्वच्छता अभियान



**जहांगीराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विवेकानंद शाखा की विद्यार्थी शाखा के स्वयंसेवकों ने सेवा प्रकल्प के तहत शाखा स्थल रामलीला मैदान से साइकिल यात्रा करते हुए बिन्नेर देवी मंदिर पहुंच कर स्वच्छता का कार्य किया। मन्दिर परिसर को स्वच्छ करने के बाद विद्यार्थी शाखा के स्वयंसेवकों ने वहीं पर शाखा भी लगाई। जिसमें खेल आदि के साथ साथ जिला संपर्क प्रमुख नरेश कुमार का मार्गदर्शन विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उसके उद्देश्य और प्रथम सरसंघचालक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार का संक्षिप्त परिचय कराया। इसके बाद मंदिर में मां बिन्नेर देवी के दर्शन के बाद शाखा स्थल पर वापसी के साथ ही साइकिल यात्रा का समापन हुआ। इस पूरे कार्यक्रम का मूल प्रयोजन विद्यार्थियों को उनके शारीरिक व मानसिक विकास, अपने धर्म-संस्कृति के प्रति निष्ठावान और देवस्थलों के प्रति जुड़ाव और उनकी स्वच्छता के प्रति सजग करना रहा। यह संपूर्ण कार्यक्रम नगर खंड प्रचारक पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रविशंकर, प्रदीप, अखिलेश, अविजीत, हरिओम व भूपेंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

## गंगा नगरी बृजघाट पर अंतिम संस्कार हेतु 400 रुपए क्विंटल पर मिलेगी लकड़ी, संस्थान की तैयारियां पूर्ण

**बृजघाट।** जनपद हापुड़ के पौराणिक तीर्थस्थल बृजघाट पर मनमाने रेट में लकड़ी बिकने की समस्या से अब जल्द ही निजात मिलने जा रही है, जिसको लेकर सामाजिक संगठन ग्राम भारती ने ब्रजघाट गंगानगरी में सस्ती दर पर लकड़ी बेचने के साथ ही गरीब और निराश्रितों के दाह संस्कार के लिए लकडियों के साथ भी सामग्री भी मुफ्त में मुहैया कराने की योजना चलाई है।मुक्ति धाम के रूप में विख्यात ब्रजघाट गंगानगरी के श्मशान घाट में दिल्ली, हरियाणा,



राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न महानगरों के कई दर्जन दिवंगतों का प्रतिदिन दाह संस्कार होता है। अधिकांश लोग अपने दिवंगतों का दाह संस्कार करने को यहीं से लकड़ी खरीदते हैं, जिसके लिए श्मशान घाट के पास लकडियों की कई टाल खुली हुई हैं। जहां बाहरी प्रांतों समेत महानगरों से दाह संस्कार करने आने वालों से मनमाने रेट वसूलने और इसके बाद भी बिना सूखी हुई लकड़ी देने को लेकर अक्सर हंगामा होते रहते हैं। इस समस्या को लेकर पुलिस और प्रशासन के साथ ही पालिका स्तर से दावे तो लगातार होते रहते हैं, परंतु इसके बाद भी लकड़ी बेचने वालों की मनमानी पर कोई अंकुश लग पाना संभव नहीं हो पाता है। परंतु अब इस समस्या से बहुत जल्द निजात मिलनी संभव हो जाएगी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े संगठन ग्राम भारती ने अब सराहनीय योजना तैयार की है, जिसके द्वारा श्मशान घाट के पास एक प्लेटफार्म तैयार कराया गया है। जिसमें पूरी तरह सूखी हुई लकडियों की बिक्री मात्र चार सौ रुपये कुंतल की दर पर की जाएगी।